# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 349 | बिजौलिया - शनिवार, 04 जुलाई 2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM


## पीएम दौरे से पहले गहलोत बोले 'जॉइनिंग लेटर वितरण को बनाया जा रहा राजनीतिक तमाशा'

### पूर्व मुख्यमंत्री बोले- युवाओं पर कोई एहसान नहीं, यह उनकी मेहनत और अधिकार; सरकारी धन से भीड़ जुटाने और राजनीतिक प्रचार का लगाया आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आज के प्रस्तावित राजस्थान दौरे से एक दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए जॉइनिंग लेटर वितरण कार्यक्रम को 'युवाओं के स्वाभिमान पर चोट' और 'राजनीतिक तमाशा' करार दिया।

गहलोत ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के दौरे की आड़ में जिला मुख्यालयों पर युवाओं की भीड़ जुटाने के लिए जिला प्रशासन को लक्ष्य दिए गए हैं तथा उनके आने-जाने और भोजन जैसी व्यवस्थाओं पर सरकारी धन खर्च कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नौकरी पाने वाले युवाओं पर सरकार कोई एहसान नहीं कर रही, बल्कि उन्होंने कठिन प्रतिस्पर्धी परीक्षाएं पास कर अपने अधिकार के रूप में यह उपलब्धि हासिल की है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने भी रिकॉर्ड संख्या में नौकरियां दी थीं, लेकिन कभी युवाओं का राजनीतिक प्रचार के लिए इस्तेमाल



नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में भर्ती परीक्षाएं तय कैलेंडर के अनुसार पूरी नहीं हो रही हैं, जबकि वीआईपी दौरों से जुड़े कार्यक्रम समय पर आयोजित किए जा रहे हैं।

गहलोत ने यह भी कहा कि कई बार मंचों से नियुक्ति पत्र तो वितरित कर दिए जाते हैं, लेकिन वास्तविक जॉइनिंग के लिए अभ्यर्थियों को महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। उन्होंने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार और वर्तमान सरकार पर प्रशासनिक प्रक्रियाओं का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान का युवा सब कुछ देख रहा है और समय आने पर इसका जवाब देगा।

## बिजली के खंभे में दौड़ा करंट, तीन गौवंश झुलसेः लोगों का फूटा गुस्सा, सिक्योर कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

शहर की संजय कॉलोनी में शुक्रवार सुबह बिजली के खंभे में करंट दौड़ने से तीन गौवंश उसकी चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एक तड़पती गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद क्षेत्रवासियों में बिजली व्यवस्था संभाल रही सिक्योर कंपनी के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। पूर्व पार्षद सागर पांडे ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना तत्काल सिक्योर कंपनी को दे दी गई थी, लेकिन कंपनी की टीम करीब सवा से डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची। उनका कहना है कि मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने भी समस्या के समाधान को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दिया।पांडे ने कहा कि शहर में सिक्योर कंपनी के जिम्मेदारी संभालने के बाद विद्युत व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है। संजय कॉलोनी में बिजली के खंभों में करंट दौड़ने की यह चौथी घटना है, जिससे क्षेत्रवासियों में डर और नाराजगी का माहौल है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और बिजली कंपनी से मांग की है कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो क्षेत्रवासी सिक्योर कंपनी का घेराव कर उग्र आंदोलन करेंगे।

# मानसून की पहली बारिश में डूबा भीलवाड़ा, आधे घंटे की बरसात ने खोली सिस्टम की पोल

### शहरभर में जलभराव, रेलवे अंडरब्रिज बने तालाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

मानसून की पहली तेज बारिश ने शुक्रवार तड़के ही भीलवाड़ा शहर की सूरत बदल दी। सुबह करीब चार बजे तेज हवाओं, बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की कड़क के साथ शुरू हुई मूसलधार बारिश ने महज आधे घंटे में शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। कई प्रमुख सड़कें और रेलवे अंडरब्रिज जलमग्न हो गए, जबकि अनेक कॉलोनियों और बाजारों में घुटनों तक पानी भर गया। लंबे समय से भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को बारिश से राहत तो मिली, लेकिन नगर निगम के प्री-मानसून इंतजाम सवालों के घेरे में आ गए।

बारिश के दौरान सुबह करीब साढ़े पांच बजे संजय कॉलोनी स्थित श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर के गुंबद को आंशिक नुकसान पहुंचा। गनीमत रही कि उस समय मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या कम होने से कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए।





इसी दौरान संजय कॉलोनी क्षेत्र में विद्युत पोल में करंट आने से गौवंश झुलस गया। सूचना पर सुभाष नगर थाना पुलिस और विद्युत निगम की टीम मौके पर पहुंची। जांच में ढीले जंपर को कारण मानते हुए उसे तुरंत ठीक कराया गया। स्थानीय लोगों ने बारिश के मौसम में बिजली के खंभों और तारों की नियमित जांच की मांग की है।

**रेलवे अंडरब्रिजों में भरा पानी, लोगों ने किया प्रदर्शन**

तेज बारिश के बाद शहर के कई रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) पूरी तरह पानी से भर गए, जिससे यातायात ठप हो गया। मारुति कॉलोनी बायस्कोप के सामने स्थित अंडरब्रिज में जलभराव से नाराज लोगों ने मौके पर प्रदर्शन किया। कई वाहन चालक जोखिम उठाकर पानी से वाहन निकालते नजर आए, जबकि कुछ लोगों को मजबूरी में रेलवे ट्रैक पार करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की।

**प्रमुख बाजारों और कॉलोनियों में जलभराव**

बारिश के बाद रामद्वारा रोड, रोडवेज बस स्टैंड, बीएसएनएल कार्यालय रोड, शास्त्री नगर, बड़ला चौराहा तथा पुराने शहर के कई बाजारों में घुटनों तक पानी भर गया। नालियां ओवरफ्लो होने से गंदा पानी और कचरा सड़कों पर फैल गया। बारिश थमने के काफी देर बाद तक पानी की निकासी नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

नगर निगम ने मानसून से पहले नालों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे किए थे, लेकिन पहली ही तेज बारिश में अधिकांश दावे धराशायी होते नजर आए। शहरवासियों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद हर वर्ष वही हालात बन रहे हैं।

**मौसम हुआ सुहावना**

बारिश के बाद शहर के मौसम में ठंडक घुल गई और तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। तापमान में आई गिरावट से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली।

## अवैध बजरी परिवहन करते तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** क्षेत्र के बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सोलंकिया का खेड़ा बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन भरकर पीथास गांव के पास बिना नम्बरी ट्रैक्टर को रोका तो ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को रोड़ पर छोड़कर खेतों की तरफ भाग गया, पुलिस ने ट्रैक्टर को डिटेन कर थाने लगा खड़ा किया । वही दूसरी कार्रवाई भाकलिया व करेड़ के बीच



बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन करते हुए दो बिना नम्बरी ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त किया । पुलिस ने दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की । पुलिस की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जसवंत सिंह, एएसआई जेठमल, दीवान सांवलदान, कांस्टेबल लक्ष्मण, गंभीर सिंह व विनोद कुमार शामिल रहे ।।

## आबादी में दिखा लेपर्ड, माजी साहब का खेड़ा में दहशत

### श्मशान घाट के पास देर रात दिखाई दिया वन्यजीव, ग्रामीण ने बनाया वीडियो

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

उपखंड क्षेत्र के माजी साहब का खेड़ा गांव में गुरुवार देर रात आबादी क्षेत्र के समीप लेपर्ड दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। गांव के श्मशान घाट के पास नजर आए लेपर्ड का वीडियो एक ग्रामीण ने अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया, जिसके बाद पूरे गांव में भय का माहौल बन गया।

ग्रामीण गोपाल धाकड़ ने बताया कि वह रात करीब 11:30 बजे डंपर लेकर गांव पहुंचा था। इसी दौरान श्मशान घाट के पास खजूर के पेड़ के पीछे एक लेपर्ड घात लगाए बैठा दिखाई दिया। वाहन की हेडलाइट पड़ते ही वह कुछ देर तक वहीं रुका रहा और बाद में पास के खेतों की ओर चला गया। घटना का वीडियो भी गोपाल धाकड़ ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। आबादी क्षेत्र के नजदीक लेपर्ड की मौजूदगी की सूचना



मिलते ही ग्रामीण सतर्क हो गए। लोगों ने रात में घरों से बाहर निकलना बंद कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों, बुजुर्गों और मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पूरी रात ग्रामीण एक-दूसरे को सतर्क करते रहे और लेपर्ड की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी। ग्रामीणों का अनुमान है कि लेपर्ड फूला सती की धार के वन क्षेत्र से भटककर गांव तक पहुंचा होगा। उन्होंने वन विभाग से तत्काल क्षेत्र में टीम भेजकर निगरानी बढ़ाने, आवश्यकता पड़ने पर पिंजरा लगाने तथा लेपर्ड का सुरक्षित रेस्क्यू करने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले स्थिति पर नियंत्रण पाया जा सके।

## माताजी खेड़ा, देवीपुरा में मगरमच्छ निकलने से मची दहशत, वन विभाग ने सुरक्षित किया रेस्क्यू



**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास**

**(रोशन )** बरूंदनी क्षेत्र के ग्राम माताजी खेड़ा, देवीपुरा में शुक्रवार को चाड़ा की झोपड़ी के समीप एक मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। मगरमच्छ को देखकर ग्रामीण गणेश कुमार जाट ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी।

सूचना मिलते ही वनपाल रामकिशोर कासनियां एवं वनरक्षक कृष्ण कुमार जीनगर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ लिया। इसके बाद उसे उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित छोड़ दिया गया। रेस्क्यू के दौरान गांव के गणेश कुमार जाट, लोकेश, नारायण, रोशन एवं मानाराम सहित कई गणमान्य नागरिक मौके पर मौजूद रहे और वन विभाग की टीम का सहयोग किया।

## मांडल में भीषण सड़क हादसाः पिकअप और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवक गंभीर घायल



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल**

बागोर थाना क्षेत्र के जोरावरपुरा चौराहे पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां पिकअप और बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान चेतन भाट्ट (30) पुत्र शंभु भाट्ट, निवासी फागणों का खेड़ा तथा सुनील भाट्ट (22) पुत्र संपत भाट्ट, निवासी मालनास (मांडल) के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत



और मेल नर्स दीपक दाधीच मौके पर पहुंचे। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए तत्काल मांडल उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनों को बेहतर उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल, भीलवाड़ा रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज जारी है।

# हरे पेड़ काट सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोपः कटारियों का खेड़ा के ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, अतिक्रमण हटाने की मांग



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**पुनित चपलोत**

जिले की काछोला तहसील के ग्राम कटारियों का खेड़ा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर चरागाह एवं सरकारी (बिलानाम) भूमि पर कथित अतिक्रमण के विरोध में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए हरे-भरे पेड़ काटकर किए गए अवैध कब्जों को हटाने तथा सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।

ग्रामीणों की ओर से अधिवक्ता भारत खटीक ने बताया कि गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों ने चरागाह एवं सरकारी भूमि पर हरे पेड़ों की कटाई कर अवैध रूप से मकान और बाड़े बना लिए हैं। इतना ही नहीं, कब्जाई गई भूमि पर खेती भी की जा रही है। इससे गांव के मवेशियों के चरने की भूमि लगातार कम होती जा रही है और उनके आवागमन के रास्ते भी अवरुद्ध हो गए हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी वे इस अवैध कब्जे का विरोध करते हैं, तो अतिक्रमणकारी उनके साथ झगड़ा करते हैं और जान से मारने की धमकियां देते हैं। इससे गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि चरागाह एवं सरकारी (बिलानाम) भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाकर उसे मूल स्वरूप में बहाल किया जाए, ताकि मवेशियों के लिए पर्याप्त चराई की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके और गांव में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन तेज करने को मजबूर होंगे.

# बारिश में डूबा अंडरपास, स्कूली बच्चों के साथ सड़क पर उतरे कॉलोनीवासी; नई पुलिया की मांग को लेकर प्रदर्शन





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**

शहर के वार्ड संख्या 66 स्थित मारुति नगर कॉलोनी के पास बायोस्कोप के सामने बने रेलवे अंडरपास में बारिश का पानी भर जाने से शुक्रवार को स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। कॉलोनीवासियों ने स्कूली बच्चों के साथ अंडरपास के निकट प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने अंडरपास से पानी की निकासी की व्यवस्था करने और स्थायी समाधान के रूप में नई पुलिया का निर्माण कराने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान अंडरपास पूरी तरह जलमग्न हो जाता है, जिससे कॉलोनी का संपर्क प्रभावित हो जाता है। मजबूरी में लोगों को जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक पार करना पड़ता है, जबकि स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है।

स्थानीय निवासी जुगल किशोर ने बताया कि अंडरपास में हर साल पानी भरने से लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। कई बार घंटों तक रास्ता बंद रहता है। उन्होंने मांग की कि यहां बड़ी पुलिया का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात के दौरान पानी जमा न हो और लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

स्थानीय महिला संतोष उपाध्याय ने कहा कि बारिश के मौसम में अंडरपास पूरी तरह पानी से भर जाता है। यदि किसी की तबीयत खराब हो जाए या कोई आपात स्थिति हो तो लोगों को मजबूरन रेलवे लाइन पार करनी पड़ती है, जिससे हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। अन्य रास्तों से जाने पर लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों से शिकायतें करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हुआ है।

प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन से अंडरपास की जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था करने, नई पुलिया का निर्माण कराने और बरसात के दौरान लोगों को सुरक्षित आवागमन उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

# 400 साल पुराने हनुमान मंदिर की जर्जर चारदीवारी से हादसे का खतरा



भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।

शहर के तेजाजी चौक स्थित भीमेश्वर महादेव मंदिर परिसर के पास बने करीब 400 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर की जर्जर चारदीवारी से हादसे की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर चारदीवारी के पुनर्निर्माण की मांग की है।

मंदिर के पुजारी भरतराम जोशी (गुरु दयालु) ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। चारदीवारी पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और कभी भी गिर सकती है, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है।

ओंकार दास के नेतृत्व में विनोद चतुर्वेदी, विजय कसारा, प्रहलाद खटीक सहित अन्य श्रद्धालुओं ने प्रशासन से जनहित को देखते हुए शीघ्र नई चारदीवारी का निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा हादसा हो सकता है।

# लाछुड़ा से सूरजपुरा व भेरूखेड़ा को जोड़ने वाले 60 साल पुराने सार्वजनिक रास्ते पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन; रास्ता खुलवाने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**पुनित चपलोत**




ग्राम पंचायत लाछुड़ा से सूरजपुरा और भेरूखेड़ा को जोड़ने वाले करीब 60 वर्ष पुराने सार्वजनिक मार्ग को कथित रूप से बंद किए जाने के विरोध में शुक्रवार को ग्रामीणों ने जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रास्ता खुलवाने, अधूरा सड़क निर्माण शुरू कराने और अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ लोगों ने सार्वजनिक मार्ग को अपनी निजी खातेदारी भूमि बताते हुए उस पर कंटीली झाड़ियां डालकर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया है। इससे देवपुरा, सूरजपुरा और भेरूखेड़ा गांवों का आपसी संपर्क प्रभावित हो गया है।ग्रामीण भगवान सिंह ने बताया कि रास्ता बंद होने से स्कूली बसें, दूध के टैंकर और अन्य आवश्यक वाहन गांव तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। वहीं बारिश के मौसम में किसानों को खाद, बीज और कृषि सामग्री लाने-ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों का आवागमन भी बुरी तरह प्रभावित हो गया है।

उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर डीएमएफटी योजना के तहत पीडब्ल्यूडी आसींद द्वारा सड़क निर्माण स्वीकृत हो चुका है, लेकिन राजस्व रिकॉर्ड में मार्ग दर्ज नहीं होने और अन्य तकनीकी कारणों से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।

ग्रामीणों ने राज्य सरकार के 'रास्ता खोलो अभियान' के तहत सार्वजनिक मार्ग को तत्काल खुलवाने, अवरोध करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने, मार्ग को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने तथा अधूरे सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कर पक्की सड़क बनाने की मांग की। उनका कहना है कि इससे क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को स्थायी राहत मिलेगी।

# कंजर कॉलोनी में पेयजल संकट से ग्रामीण परेशान, पाइपलाइन सुधार की मांग

भीलवाड़ा फोकस @जहाजपुर

**(गजानंद जोशी)**। ग्राम पंचायत पलासिया की कंजर कॉलोनी में पेयजल व्यवस्था बदहाल होने से ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि चंबल परियोजना एवं जलदाय विभाग को कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, जन सूचना पोर्टल पर शिकायत के बाद विभागीय अधिकारियों ने



मौके पर जांच कर पाइपलाइन गलत तरीके से बिछी होने की बात स्वीकार की थी और इसे दोबारा तकनीकी मानकों के अनुसार बिछाने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# ग्रामीण सेवा शिविर बना राहत का केंद्र, चार माह पुराना पट्टा मिला तो 15 साल पुरानी राजस्व त्रुटि भी हुई दूर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

राज्य सरकार की पहल पर आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर आमजन की वर्षों पुरानी समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। शुक्रवार को ग्राम पंचायत गुंदली में आयोजित शिविर में चार माह से लंबित पुश्तैनी मकान का पट्टा जारी करने के साथ ही करीब 15 वर्ष से राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज बैंक रहन की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि को भी मौके पर ही ठीक कर बड़ी राहत प्रदान की गई।

ग्राम गुंदली निवासी मदनलाल पुत्र देवालाल गुर्जर ने चार माह पूर्व अपने पुश्तैनी मकान के पट्टे के लिए आवेदन किया था। शिविर प्रभारी तहसीलदार ललित सेन, कार्यवाहक सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार रामावत, प्रशासक शंभूलाल गुर्जर एवं ग्राम विकास अधिकारी गोपाल पुरी गोस्वामी की मौजूदगी में उन्हें मौके पर ही पट्टा सौंपा गया। पट्टा मिलने पर मदनलाल ने खुशी जताते हुए कहा कि उनका लंबित कार्य कुछ ही मिनटों में पूरा हो गया। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इसी शिविर में ग्राम गुंदली निवासी नारायण पुत्र गोपी गुर्जर एवं सायर पत्नी गोपी गुर्जर ने अपनी कृषि भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में लगभग 15 वर्ष से दर्ज बैंक रहन की त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि को हटाने का आवेदन प्रस्तुत किया। जांच के लिए तहसीलदार ललित सेन के निर्देशन में पटवारी प्रवीण विश्नोई एवं गिरदावर सुनीता भट्ट ने राजस्व



अभिलेखों का परीक्षण किया, जिसमें बैंक रहन की प्रविष्टि त्रुटिवश दर्ज होना पाया गया।

आवश्यक राजस्व एवं विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मौके पर ही गलत प्रविष्टि हटाकर राजस्व रिकॉर्ड को शुद्ध एवं अद्यतन कर दिया गया। वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने पर नारायण गुर्जर एवं सायर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर के माध्यम से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने राजस्व विभाग की टीम एवं राज्य सरकार का आभार जताया।

# ओमप्रकाश भड़ाना बने राजस्थान गुर्जर महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष

## करेड़ा में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक व युवा सम्मेलन में सर्वसम्मति से लिया निर्णय



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

करेड़ा में शुक्रवार को राजस्थान गुर्जर महासभा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक एवं युवा सम्मेलन का आयोजन पूज्य महंत श्री श्री 1008 सुरेशदास जी महाराज (सवाई भोज) के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना रहे, जबकि अध्यक्षता महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने की। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में प्रदेशाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर के प्रस्ताव पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से ओमप्रकाश भड़ाना को राजस्थान गुर्जर महासभा का कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त करने का निर्णय लिया। इसके बाद युवा सम्मेलन में उनकी नियुक्ति की औपचारिक घोषणा की गई, जिस पर समाजजनों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं।

नवनियुक्त कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने संगठन द्वारा जताए गए विश्वास के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की एकता, संगठन की मजबूती और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने शिक्षा, सामाजिक समरसता और युवाओं के सशक्तिकरण के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने देवमाली में राज्य सरकार की ओर से शुरू किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी पहलों का स्वागत किया।



QUICK BITES

## बारिश के पानी से पंचायत भवन और पटवार भवन के सामने जलभराव, ग्रामीणों में रोष

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



परमेश्वर

क्षेत्र में हुई बारिश के बाद ग्राम पंचायत बल्दरखा के पंचायत भवन एवं पटवार भवन के सामने भारी जलभराव हो गया। सड़क पर बारिश का पानी भर जाने से सरकारी कार्यालयों तक पहुंचना मुश्किल हो गया। आमजन, विद्यार्थी, महिलाएं, बुजुर्ग और किसान पानी के बीच से होकर आवागमन करने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासन को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि विगत कई वर्षों से गांव की नालियों की नियमित सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण बारिश का पानी निकासी नहीं होने से सड़कों पर जमा हो जाता है और जलभराव की स्थिति बन जाती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात से पहले नालियों की सफाई और जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए थी, लेकिन पंचायत प्रशासन की लापरवाही के चलते पहली ही अच्छी बारिश में पंचायत भवन और पटवार भवन के सामने सड़क तालाब में तब्दील हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन जैसे महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय के सामने जलभराव होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। इस स्थिति के कारण सरकारी कार्यों से आने-जाने वाले लोगों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए तथा नालियों की तत्काल सफाई कर बारिश के पानी की निकासी की स्थायी व्यवस्था कराई जाए, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी परेशानी का सामना न करना पड़े।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी और नालियों की सफाई पर ध्यान दिया जाता, तो आज पंचायत भवन और पटवार भवन के सामने यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

## निर्माणाधीन बनास पुल की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने मांगी तकनीकी जांच

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



बनास नदी पर निर्माणाधीन पुल का कार्य इन दिनों तेजी से चल रहा है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीणों ने परियोजना में उपयोग हो रही निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बन रहे इस महत्वपूर्ण पुल पर अब तक परियोजना संबंधी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है। उनका कहना है कि नियमानुसार सूचना बोर्ड पर परियोजना की लागत, निर्माण एजेंसी, कार्य अवधि, तकनीकी स्वीकृति तथा निर्माण सामग्री से जुड़ी आवश्यक जानकारी अंकित होनी चाहिए, ताकि आमजन को भी इसकी जानकारी मिल सके।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे सरिए की मात्रा अपेक्षा से कम दिखाई दे रही है, जिससे पुल की मजबूती और दीर्घकालिक सुरक्षा को लेकर आशंकाएं पैदा हो रही हैं। हालांकि इन दावों की पुष्टि सक्षम तकनीकी जांच के बाद ही संभव है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण में किस ग्रेड का सीमेंट, किस व्यास का सरिया, किस ग्रेड का कंक्रीट और स्वीकृत डिजाइन के अनुसार कितनी सामग्री उपयोग में ली जा रही है, इसकी जानकारी सार्वजनिक की जाए।

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद अब तक पीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारियों का सार्वजनिक निरीक्षण सामने नहीं आया है। उन्होंने मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंता से मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का तकनीकी निरीक्षण कराने, सामग्री की गुणवत्ता और मात्रा की जांच करवाने तथा जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना में गुणवत्ता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।



क्षेत्र के ढेलाणा गांव स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में पत्रकार सांवरमल वैष्णव ने अपने 33वें जन्मदिन को पर्यावरण संरक्षण के नाम समर्पित करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अमरूद का पौधा लगाया। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच पौधारोपण कर अपना जन्मदिन सादगी और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सरिता व्यास, कुसुमलता वैष्णव, खुशबू वैष्णव, अर्पिता जाट, संदीप वैष्णव सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों के द्वार पहुंची सरकारी सेवाएं, सदारा शिविर में दर्जनों योजनाओं का मिला लाभ

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।

दिलखुश



ग्राम पंचायत सदारा में जनकल्याण शिविर के अंतर्गत ग्रामीण सेवा शिविर-2026 का आयोजन किया गया। शिविर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर चंद्रशेखर भंडारी, कार्यवाहक उपखंड अधिकारी भगवती प्रसाद वैष्णव, सहायक विकास अधिकारी चिरंजी लाल वर्मा, सत्यनारायण बेरवा, स्वच्छ भारत मिशन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रियंक दाधीच, प्रशासक गोविंद जैन, उपखंड कार्यालय कार्मिक विनोद सैन, ग्राम विकास अधिकारी महिमा टेलर, कनिष्ठ सहायक कविता राठौड़, राकेश गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना है। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ उठाया। कुल 22 विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

शिविर में 10 पट्टों का वितरण, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 10 व्यक्तिगत शौचालय स्वीकृत, प्रधानमंत्री आवास योजना के एक लाभार्थी को तृतीय एवं एक लाभार्थी को द्वितीय किस्त का भुगतान, 9 पेंशन सत्यापन, 25 जन आधार संशोधन, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 2 नए बैंक खाते, महिला अधिकारिता विभाग द्वारा कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, 32 मंगला पशु बीमा पॉलिसियां, कृषि विभाग द्वारा 37 किसानों को मूंग मिनी किट एवं 40 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

इसके अलावा चिकित्सा विभाग ने 105 मरीजों तथा आयुर्वेद विभाग ने 60 मरीजों को उपचार एवं परामर्श दिया। विद्युत विभाग ने 2 नए बिजली कनेक्शन आवेदनों का निस्तारण किया, जबकि परिवहन विभाग ने 8 स्मार्ट कार्ड पंजीकरण किए। राजस्व विभाग ने 20 खातों का शुद्धिकरण, 5 आपसी सहमति एवं बंटवारा प्रकरण, 50 प्रधानमंत्री किसान योजना पंजीकरण, 13 नामांतरण प्रकरण, 8 सीमा ज्ञान पत्थरगढ़ी प्रकरण तथा 37 जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र जारी करने सहित विभिन्न कार्यों का संपादन किया। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों ने प्रशासन की पहल की सराहना की।

# गुर्जर समाज में शिक्षा की अलख जगाएगी नई जिला कार्यकारिणी

**भोजा पायरा में शपथ ग्रहण समारोह, समाज सेवा और युवा जागरण पर दिया गया जोर**

भीलवाड़ा फोकस @ करेड़ा ।



तीर्थस्थल भोजा पायरा में राजस्थान युवा गुर्जर महासभा जिला भीलवाड़ा की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का भव्य शपथ ग्रहण समारोह श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के वातावरण में सम्पन्न हुआ। समारोह में समाज के संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री देवनारायण के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नारायणलाल गुर्जर काकड़ा सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नारायणलाल काकड़ा ने कहा कि यदि गुर्जर समाज को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचना है तो शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। उन्होंने कहा कि समाज का प्रत्येक बच्चा शिक्षित होगा, तभी समाज मजबूत, आत्मनिर्भर और सम्मानित बनेगा। जिला कार्यकारिणी गांव-गांव जाकर युवाओं को शिक्षा, संगठन, नशामुक्ति, सामाजिक जागरूकता और समाज सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

समारोह को संबोधित करते हुए सवाईभोज महंत सुरेश दास जी महाराज ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, संस्कार और शिक्षा में निहित है। रामस्नेही सम्प्रदाय के संत निर्मल राम महाराज ने युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहने का संदेश दिया। वहीं महंत नारायण दास महाराज और महंत लक्ष्मण दास महाराज ने शिक्षा एवं संस्कारों को समाज की उन्नति का आधार बताया।

राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर ने कहा कि संगठन का उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व प्रदान करना, शिक्षा के प्रति जागरूक करना और सामाजिक बुराइयों को समाप्त करना है। देवनारायण बोर्ड राजस्थान सरकार के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना ने युवाओं से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने का आह्वान किया।

कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. मोहनलाल वर्मा ने शिक्षा को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए युवाओं से चिकित्सा, प्रशासन, इंजीनियरिंग और न्यायपालिका जैसी उच्च सेवाओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने का आह्वान किया। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. देवनारायण गुर्जर ने स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों को समान रूप से महत्वपूर्ण बताया।

भोजा पायरा अध्यक्ष एवं पूर्व उप प्रधान सुखलाल गुर्जर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि भोजा पायरा सदैव समाज की एकता और सामाजिक जागरण का केंद्र रहा है। सचिव मेवाराम गुर्जर ने संगठन की भावी गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

समारोह में पूर्व उप प्रधान एवं अखिल भारतीय गुर्जर महासभा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामलाल गुर्जर, युवा प्रदेशाध्यक्ष गौरव गुर्जर, पूर्व उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, बद्रीलाल गुर्जर काछोला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष धनराज गुर्जर, हिन्दू भोज सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल गुर्जर तथा लक्ष्मण सिंह गुर्जर सहित अनेक वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन और सामाजिक एकता को समाज की प्रगति का आधार बताया।

इस अवसर पर मोहनलाल सराधना को सर्वसम्मति से राजस्थान गुर्जर महासभा, भीलवाड़ा का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया। समारोह में सभी अतिथियों का साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया गया।

# ग्रामीणों को स्थायी लोक अदालत और कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के मार्गदर्शन एवं तालुका विधिक सेवा समिति, बिजौलिया की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में शुक्रवार को ग्राम रामपुरिया एवं गोरधनपुरा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलंटियर (पीएलवी) रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने ग्रामीणों को सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित स्थायी लोक अदालत की भूमिका, अधिकार क्षेत्र एवं विवादों के त्वरित और सरल निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि सड़क अथवा जलमार्ग से यात्रियों एवं माल परिवहन, डाक, तार एवं टेलीफोन सेवाएं, बिजली, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्वच्छता एवं सफाई जैसी सेवाओं से जुड़े मामलों का समाधान स्थायी लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सकता है। साथ ही आमजन को निःशुल्क विधिक सहायता एवं उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मोतिया बाई, पीरू बाई, कमला बाई, काली बाई, सीमा देवी, लाली देवी, डाली देवी, ओमा देवी, गीता देवी, रंजीत बंजारा, वार्ड पंच सरवन बंजारा, दुर्गालाल बंजारा, वकील बंजारा, गजेंद्र बंजारा, किरण बंजारा, गुंजन बंजारा, राहुल बंजारा, श्यामा देवी, ममता देवी, कृष्ण बंजारा, शिवानी बंजारा, आरती बंजारा, सोना बंजारा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ, विधायक गोपाल खंडेलवाल ने किया पौधारोपण

**गैणोली वन विभाग नर्सरी में पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, योजनाओं की दी जानकारी**

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



विधायक गोपाल खंडेलवाल ने शुक्रवार को ग्राम गैणोली स्थित वन विभाग नर्सरी में 'एक पेड़ माँ के नाम' महाअभियान के तहत पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक नागरिक से अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक खंडेलवाल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधारोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और हरित वातावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पौधारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित बनाने की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों को पौधों का वितरण भी किया तथा प्रत्येक परिवार से अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन संजय डांगी, भाजपा नेता मनोज सनाढ्य, रामस्वरूप तेली, कैलाश तेली, वन विभाग के प्रकाश शर्मा, नाकादार मुराद खान, शंभू मेघवंशी, लादू माली, कालू माली, नंदलाल मीणा, गोविंद मीणा, हरीश शर्मा, घीसू दरोगा, नाथु दरोगा, सुरेश वैष्णव, सुरेश सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# दूसरे दिन भी झमाझम बारिश, बनास-कोठारी- बेड़च नदियों में बढ़ी पानी की आवक

## लगातार बारिश से किसानों के खिले चेहरे, खेतों में लहराने लगी फसलें, कई जलाशयों में भी पहुंचा पानी





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी झमाझम बारिश का दौर जारी रहा। बारिश के चलते बनास, बेड़च और कोठारी नदियों में पानी की अच्छी आवक हुई, जिससे क्षेत्र के किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई।

वहीं कई छोटे-बड़े जलाशयों में भी पानी पहुंचने से कृषि कार्यों को संजीवनी मिली है।

सवाईपुर के अलावा ढेलाणा, सोपुरा जाटों का, सालरिया, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, कंवलियास, रेड़वास, गुवारड़ी, जित्यास, नोहरा, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, पिथास और सोलंकिया का खेड़ा सहित कई गांवों में शुक्रवार तड़के शुरू हुई बारिश सुबह तक रुक-रुककर जारी रही। करीब पांच से छह घंटे तक कभी रिमझिम तो कभी मध्यम और तेज गति से बारिश होती रही।

लगातार हुई बारिश से मेवाड़ की गंगा कही जाने वाली बनास नदी सहित बेड़च और कोठारी नदी में पानी की आवक बढ़ गई। क्षेत्र के अनेक छोटे-बड़े जलाशयों में भी पानी पहुंचने लगा है। दो दिन पहले तक पानी की कमी से मुरझा रही फसलों को इस बारिश से नया जीवन मिला है और अब खेतों में फसलें लहलहाने लगी हैं।

बारिश के कारण कई खेतों में पानी भर गया तथा निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली। क्षेत्र में करीब एक इंच वर्षा दर्ज होने का अनुमान है। दिनभर आसमान में घने काले बादल छाए रहे और मौसम सुहावना बना रहा।

# ग्रामीण सेवा शिविर में मौके पर ही निस्तारित हुए कई प्रकरण, 7 पट्टे वितरित, दो अतिक्रमण हटाए





भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

ग्राम पंचायत टिटोड़ा जागीर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में प्रशासन ने विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। शिविर में मुख्य अतिथि विधायक गोपीचंद मीणा रहे।

विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर का उद्देश्य आमजन को सरकारी कार्यालयों के चक्कर से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के कार्यों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि हर ग्रामीण संतुष्ट होकर लौटे। उन्होंने कहा कि जब शिविर में आने वाला प्रत्येक व्यक्ति खुश होकर जाएगा, तभी राज्य सरकार का सपना सार्थक होगा।

शिविर में पात्र लाभार्थियों को 7 आवासीय पट्टों का वितरण किया गया। वहीं दो अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई भी की गई। इसके अलावा नामांतरण, बंटवारा सहित राजस्व विभाग के अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत दी गई।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सहायक उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पारीख एवं हेड कांस्टेबल बिहारीलाल मीणा मौजूद रहे

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य धर्मचंद मीणा ने किया  शिविर में तत्कालीन प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, प्रशासक संतोष रामगोपाल शर्मा, नायब तहसीलदार रमेश मीणा, गिरदावर अशोक जाट, पटवारी आदेश मीणा, शैतान सिंह राजपूत, गणेश मिश्रा, रमेश कांस्ट बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनीष कुमार , सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ग्रामीण सेवा शिविर में 11 पट्टे वितरित, 204 लोगों व 274 पशुओं का हुआ उपचार

## मानपुरा शिविर का विधायक  खंडेलवाल ने किया निरीक्षण, अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के दिए निर्देश

भीलवाड़ा फोकस @ महुआ।

ग्राम मानपुरा में शुक्रवार को आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल ने निरीक्षण कर विभिन्न विभागों की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।




शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही सेवाएं प्रदान की गईं। राजस्व विभाग की ओर से 11 पट्टों का वितरण किया गया तथा विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। चिकित्सा विभाग ने 204 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया, जबकि पशुपालन विभाग ने 274 पशुओं का उपचार किया। विद्युत विभाग ने 7 प्रकरणों का निस्तारण किया, समाज कल्याण विभाग ने 4 प्रकरणों का समाधान किया तथा परिवहन विभाग ने 6 वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज पास उपलब्ध कराए। वहीं लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत भी पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी स्वाति झा, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन संजय डांगी, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य गोवर्धन वैष्णव, प्रशासक चंदा प्रजापत, भागचंद जैन, मगना जाट, राजेश वैष्णव, कैलाश तेली, सुरेश जाट, नंदलाल धाकड़, कमलेश धाकड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शाहपुरा के बेटे ने रचा इतिहासः जंगलों की 36 साल की संघर्षगाथा बनी किताब

## सर्वसम्मति से हुआ निर्विरोध निर्वाचन, नई कार्यकारिणी का भी गठन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी

छोटे शहरों से निकलकर बड़े सपने सच करने की मिसाल अगर देखनी हो, तो शाहपुरा के सपूत Paresh Kumar Sharma का नाम गर्व से लिया जाएगा। शाहपुरा की मिट्टी में पले-बढ़े परेश शर्मा ने भारतीय वन सेवा में 36 वर्षों तक जंगलों, वन्यजीवों और पर्यावरण की रक्षा करते हुए जो संघर्ष, साहस और अनुभव अर्जित किए, वे अब पुस्तक 'जंगलों में पदचिह्न–एक वन अधिकारी के संस्मरण' के रूप में दुनिया के सामने आए हैं। खास बात यह है कि पुस्तक के लोकार्पण के कुछ ही समय बाद इसने ऑनलाइन मंच Amazon पर पर्यावरण एवं प्रकृति श्रेणी की शीर्ष 10 सर्वाधिक बिकने वाली पुस्तकों में जगह बनाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली।

वर्तमान में Hyderabad में निवासरत परेश शर्मा मूलतः Shahpura के निवासी हैं। हैदराबाद में 24 जून को आयोजित एक सादगीपूर्ण लेकिन गरिमामय समारोह में उनकी पुस्तक का लोकार्पण हुआ। जैसे ही पुस्तक पाठकों तक पहुँची, इसकी चर्चा वन सेवा अधिकारियों, प्रशासनिक हलकों और पर्यावरण प्रेमियों के बीच तेजी से फैल गई। यह किताब केवल संस्मरण नहीं, बल्कि संघर्ष, ईमानदारी और जुनून की जीवंत दास्तान है। पुस्तक में परेश शर्मा ने बचपन की यादों से लेकर प्रशासनिक सेवा के कठिन सफर तक हर पड़ाव को बेबाकी से दर्ज किया है। उन्होंने उन चुनौतियों को भी उजागर किया है, जिनका सामना उन्हें जंगलों में अवैध कटाई रोकने, वन संपदा की तस्करी पर लगाम लगाने, अतिक्रमण हटाने और वन्यजीवों की सुरक्षा के दौरान करना पड़ा। कई बार परिस्थितियाँ इतनी विकट रहीं कि जान का जोखिम भी उठाना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने कर्तव्य से कभी समझौता नहीं किया। पुस्तक का सबसे मजबूत पक्ष इसकी सच्चाई और निर्भीकता है। इसमें सरकारी तंत्र की जमीनी हकीकत, फाइलों की जटिलता, निर्णय प्रक्रिया की चुनौतियाँ और एक ईमानदार अधिकारी के सामने आने वाले दबावों का बिना लाग-लपेट चित्रण किया गया है। यही कारण है कि पुस्तक को पढ़ने वाले वरिष्ठ अधिकारियों ने इसे बेहद प्रेरक और मार्गदर्शक बताया है। सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी Priyadarshi Dash ने पुस्तक को निडरता और स्पष्टवादिता का दस्तावेज बताया, जबकि Shripad Bhalerao ने इसे वन विभाग की कार्यप्रणाली समझने के लिए अनिवार्य पुस्तक कहा। वरिष्ठ प्रशासक B. P. Acharya ने इसे नई पीढ़ी के सिविल सेवा अभ्यर्थियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। सेवानिवृत्त वन सेवा अधिकारी C. Madhukar Raj के अनुसार यह पुस्तक साबित करती है कि राजस्थान के अपेक्षाकृत छोटे नगर शाहपुरा का एक साधारण युवक भी अपनी मेहनत, ईमानदारी और दृढ़ संकल्प से प्रशासनिक व्यवस्था के शीर्ष तक पहुँच सकता है।






शाहपुरा के लिए यह उपलब्धि किसी सम्मान से कम नहीं। एक ऐसे समय में, जब पर्यावरण संरक्षण वैश्विक चिंता का विषय है, शाहपुरा के बेटे ने अपने अनुभवों को शब्द देकर समाज को नई दिशा देने का प्रयास किया है। परेश शर्मा की यह सफलता शाहपुरा के युवाओं को साफ संदेश देती है–मंजिल बड़ी हो तो छोटे शहर कभी बाधा नहीं बनते, बल्कि वही सबसे मजबूत पहचान बनते हैं।

QUICK BITES

# सरयू नदी में किया होलिरड़ा राम-जानकी व तेजाजी महाराज की मूर्ति का विसर्जन

## नगरीय विकास विभाग ने भूमि के बदले भूमि देने की स्वीकृति जारी की

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



( सांवर वैष्णव ):- सवाईपुर क्षेत्र के होलिरड़ा गांव में गत दिनों आयोजित हुए नौ दिवसीय सप्त कुण्डिय श्री राम महायज्ञ की पूर्णाहुति के मूर्तियों का अयोध्या की सरयू नदी में विसर्जन किया गया । ग्रामीणों ने बताया कि होलिरड़ा गांव 9 जून से 17 जून तक मूर्ति व कलश स्थापना को लेकर 9 दिवसीय सप्त कुण्डिय श्री राम महायज्ञ का आयोजन हुआ, इस दौरान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ राम-जानकी और तेजाजी व नागदेवता की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही तेजाजी महाराज व हनुमान जी महाराज के मंदिर पर स्वर्ण कलश की स्थापना की । उसके बाद बुधवार को 30 जोड़े बस के द्वारा अयोध्या के लिए रवाना हुए थे , जहां सायं 4:15 बजे पंडित गोपाल लाल भट्ट के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सरयू नदी में भगवान राम-जानकी व तेजाजी महाराज की मूर्तियों को विसर्जन किया गया । इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाये । सभी ने सरयू नदी में स्नान किया और रामलला के दर्शन कर घर-परिवार, गांव व क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की ।।

## भाजपा के 4 से 6 जुलाई तक तीन बड़े आयोजनों का खाका तैयार, विकास, तकनीक और राष्ट्रवाद का होगा संगम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिला संगठन द्वारा 4 जुलाई से 6 जुलाई तक आयोजित होने वाले तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पचपदरा समारोह के लाइव प्रसारण, डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण अभियान एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के नेतृत्व में जिला कार्यालय पर तैयारी बैठक का आयोजन किया गया।


जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि 4 जुलाई को पचपदरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों द्वारा होने वाले रिफाइनरी के उद्घाटन समारोह का लाइव प्रसारण पंचायत स्तर तक दिखाया जाएगा, जिसमें ज्यादा से ज्यादा भाजपा कार्यकर्ता सहभागी बन प्रदेश के विकास में जुड़ रहे एक और स्वर्णिम अध्याय के साक्षी बनेंगे। जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह का आयोजन नगर निगम टाऊन हाल में प्रातः 10 बजे राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी के सान्निध्य में आयोजित होगा।

मेवाड़ा ने बताया कि भाजपा के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म अभियान के तहत 4 से 6 जुलाई के बीच होने वाली जिले के 39 मंडलों की बैठकों के साथ बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 6 जुलाई को जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती जिलेभर में मनाई जाएगी। उक्त सभी कार्यक्रमों के लिए पदाधिकारियों को विधानसभा स्तर पर अलग अलग जिम्मेदारी प्रदान की गई है।

बैठक में जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी, गोपाल तेली, शशांक बिड़ला, सीपी जोशी, यशोवर्धन सेन, सावन दिया, पंकज प्रजापत, मनीष जांगिड़, पंकज विजयवर्गीय, मंगल सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी राजस्थान को 1 लाख करोड़ से ज्यादा की सौगात सोपेंगे सांसद अग्रवाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



सांसद दामोदर अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजस्थान पावन धरा पर  अभिनंदन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को राजस्थान को 1 लाख करोड़ से ज्यादा की सौगात देंगे।  सांसद अग्रवाल ने बताया कि राजस्थान में रिफायनरी व जयपुर में मेट्रो फेस 2 की सौगात व अन्य कई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन कर राजस्थान को विकास की नई ऊंचाइयां प्रदान करेंगे। सांसद ने इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित जनता से निवेदन किया 4 जुलाई को सुबह 10 बजे नगर निगम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखने पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।